**राज्यपाल सचिवालय**

**राज भवन, जयपुर**

**राज्यपाल से भारतीय पुलिस सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों ने की मुलाकात**

जयपुर, 6 मार्च। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से सोमवार को राजभवन में भारतीय पुलिस सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों श्री अभिषेक, आदित्य, अमित, प्रशांत, रमेश और शाहीन ने मुलाकात की।

राज्यपाल श्री मिश्र से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी। राज्यपाल ने इन अधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए राष्ट्र और समाज के प्रति प्रतिबद्ध होकर कार्य करने का आह्वान किया।

------